# श्याम बाबा के नाम वसीयत | By Rupali Pawar

खाटू वाले लिख ले जो मैं आज लिखाती हूँ
मैं तेरी बेटी अपनी वसीयत लिखवाती हूँ
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले

मेरे लब पे नाम हो तेरा जब दुनिया से जाऊं
तेरी सूरत अंत समय में अपने सन्मुख पाऊं
श्याम से बढ़कर नहीं है कोई ये समझाती हूँ
मैं तेरी बेटी अपनी वसीयत लिखवाती हूँ
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले

जय श्री श्याम बोलना पहले फिर कांधो पे उठाना
मेरी अर्थी श्याम के मंदिर तक पहले ले जाना
बाबा के चरणों में मर कर शीश झुकाती हूँ
मैं तेरी बेटी अपनी वसीयत लिखवाती हूँ
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले

इंतज़ार में श्याम तेरे खुली रहेंगी आँखें
जीते जी जो कह ना पाई कह जाएँगी आँखें
बंद ना करना मेरी आँखें ये समझाती हूँ
मैं तेरी बेटी अपनी वसीयत लिखवाती हूँ
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले

तेरे एक इशारे से गूंगे को मिलती वाणी
तेरी माया मैं क्या जानू मैं रूपल अज्ञानी
अच्छा भक्तों जय श्री श्याम अब मैं जाती हूँ
मैं तेरी बेटी अपनी वसीयत लिखवाती हूँ
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले
ओ खाटूवाले, ओ खाटूवाले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b5%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%af%e0%a4%a4-by-rupali-pawar/